वर्ष :: 33 अंक : 06
पृष्ठ : 08 :: मूल्य 2 रुपए मात्र

प्रकाशन का 33 वां वर्ष

/mithilavarnan

मिथिला वर्णन
स्वच्छ पत्रकारिता, स्वस्थ पत्रकारिता
झारखंड-बिहार का लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक

पूरे परिवार के लिये आध्यात्मिक पत्रिका
अवश्य पढ़ें-



निखिल-मंत्र-विज्ञान
14ए, मेनरोड, हाईकोर्ट कॉलोनी, जोधपुर (राज.)
फोन : (0291) 2624081, 263809

बोकारो :: रविवार, 06 नवंबर, 2022 News & E-paper : www.varnanlive.com E-mail : mithilavarnan@gmail.com

# ईडी, आईटी और सियासत









**कार्यालय संवाददाता**

**रांची/बोकारो** : ईडी, आईटी और सियासत। झारखंड में ये तीनों शब्द ही इन दिनों चर्चा का विषय बने हैं और हाल के दिनों में बोकारो भी इस चर्चा का मुख्य केंद्र बना हुआ है। खनन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) का समन जारी होने के बाद आय से अधिक संपत्ति के मामले में आईटी (आयकर) विभाग ने जिस कदर अपनी दबिश बढ़ाई, वह पूरे राज्य में चर्चा का विषय बना और इसके परिणामस्वरूप स्वाभाविक तौर पर सियासत तो होनी ही थी, जो हो रही है। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह और पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के घर छापेमारी के बाद राज्य की राजनीति गर्म हो गई है। इसमें भी छापेमारी दल की एक गाड़ी पर भाजपा कार पास और भाजपा का स्टीकर पाए जाने के बाद खुलकर आरोप भाजपा पर ही लग रहे हैं। खास तौर से ईडी की ओर से सीएम पर कार्रवाई के खिलाफ उबाल की स्थिति है। पूरे राज्य में झामुमो और कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए हैं। धरना-प्रदर्शन और जुलूस के जरिए वे खुलकर अपनी नाराजगी भाजपा के खिलाफ जता रहे हैं। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने दो कांग्रेसी विधायक- अनूप सिंह और प्रदीप यादव के साथ-साथ लौह अयस्क के कारोबारी शाह ब्रदर्स और खनन से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदारों के 70 ठिकानों पर छापेमारी की, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

दरअसल, आईटी की छापेमारी के पीछे काले हीरे के गढ़ बेरमो में आय से अधिक संपत्ति यानी काला धन होने की आशंका कारण मानी जा रही है। बेरमो विधायक अनूप सिंह का दावा है कि उनके घर से कुछ भी पैसे बरामद नहीं हुए। लेकिन, उनके पिता स्व. राजेंद्र सिंह के करीबी रह चुके इलाके के प्रसिद्ध कोयला व्यवसायी अजय कुमार सिंह के क्वार्टर से आईटी विभाग की टीम ने लगभग 90 लाख रुपए बरामद किए। यह राशि गिनने के लिए आई अफसरों को एसबीआई ब्रांच से नोट गिनने की मशीन मंगानी पड़ी और बरामद रुपए एसबीआई बैंक में जमा करवा दिए गए। रकम को बैंक के कैश वैन से भारी सुरक्षा के बीच फुसरो स्थित बैंक कार्यालय भेजा गया। विभिन्न दस्तावेज और अन्य कागजात की जांच की गई, साथ ही उनके कार्यालय के कंप्यूटर व लैपटॉप की भी बारीकी से जांच की गई।

हालांकि, अनूप सिंह का कहना है कि अजय सिंह के साथ उनका और उनके परिवार का कोई संबंध नहीं है। उनके पिताजी स्व. राजेन्द्र प्र. सिंह के साथ उनका संबंध शुरू के दिनों में ठीक था, लेकिन उनके पिताजी के अंतिम चुनाव में उन्होंने भाजपा का साथ देते हुए उन्हें हराने का काम किया था। घर खाली करवाने तक की बात कही थी। ऐसी स्थिति में अजय कुमार सिंह के साथ हमारे परिवार का या मेरा नाम जोड़ना बिल्कुल ही गलत है।

सूत्रों के अनुसार अजय कुमार सिंह के मातहत लगभग 50 ट्रक संचालित हैं, जिनसे डीओ के माध्यम से विभिन्न कोलियरियों से कोयला खरीदकर बाहर की फैक्टरियों और डेहरी व बनारस की मंडियों में भेजा जाता है। आईटी टीम ने अनूप के भाई कुमार गौरव के कार्यालय से कुमार गौरव व उनके दोस्तों की आउटसोर्सिंग कंपनी उबेर माइनिंग और मां भगवती ज्वाइंट वेंचर कंपनी के कागजातों की भी जांच की। ये कंपनियां सीसीएल ढोरी एरिया के एएडीओसीएम परियोजना के अलग-अलग पैच में लगभग 350 करोड़ रुपए का **(शेष पेज- 5 पर)**






## काले हीरे के गढ़ में काला धन?

### इधर, सीएम की ईडी को खुली चुनौती

### कहा- गुनाह किया, तो गिरफ्तार करके दिखाओ

ईडी और आईटी की कार्रवाई के खिलाफ खुद राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन भी मोर्चा खोल चुके हैं। विभिन्न सरकारी या गैरसरकारी कार्यक्रमों में भी इन दिनों उनके निशाने पर भाजपा और केंद्र सरकार ही है। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झामुमो कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने खनन घोटाला के मामले में ईडी के समन को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर हमने कोई गुनाह किया है, तो सीधे गिरफ्तार करके दिखाओ। कहा- समन क्यों भेजते हो, पूछताछ क्यों करते हो, हमें सीधा गिरफ्तार करके दिखाओ। समन भेजे जाने के खिलाफ रांची में झारखंड के अलग-अलग जिलों से आए लगभग सात-आठ हजार कार्यकर्ता पार्टी झंडों और तीर-धनुष एवं परंपरागत हथियारों के साथ मोरहाबादी मैदान में इकट्ठा हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। मुख्यमंत्री ने आवास से बाहर निकलकर सड़क पर जमा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विरोधियों को यह पच नहीं रहा कि आदिवासी दलित झारखंड चला रहे हैं। आज रायपुर में आदिवासी महोत्सव पर हमारा कार्यक्रम पहले से तय था और इस दिन ईडी ने हमें न्योता भेज दिया। इन्हें लगता है कि ये हमें जेल भेजेंगे तो हम डर जायेंगे। अगर हमने जेल भरो आंदोलन शुरू कर दिया तो इतने लोग हैं कि जेल में जगह कम पड़ जायेगी। विपक्ष की राजनीतिक साजिश का जवाब देने का समय आ गया है। हेमंत ने दावा किया कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रजरप्पा में 132 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति वितरण के दौरान भी केंद्र पर भी निशाना साधा। कहा कि राज्य का 1.316 करोड़ रुपए बकाया भारत सरकार से मांगा, तो मेरे पीछे ईडी और सीबीआई को लगा दिया गया। अधिकार मांगने का ये लोग यही सिला देते हैं। डराते हैं, धमकाते हैं। दरअसल, विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां वे सेंक रहे हैं।

### बोले जयमंगल- गलत नीतियों का विरोध किया, तो कराई रेड

बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने आईटी की कार्रवाई के खिलाफ आक्रोश जताते हुए कहा कि यह भाजपा की साजिश है। भाजपा के पक्ष में जो नहीं है या उसकी गलत नीतियों का जो विरोध करता है, उसके यहां ईडी, आईटी और सीबीआई की छापेमारी आम बात हो गई है। यह गंदी राजनीति है, जिसका चौतरफा विरोध होना चाहिए। इधर, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने छापेमारी के विरोध में पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए।

## प्रतिक्रिया

### धोखेबाज है हेमंत सरकार : दीपक प्रकाश



भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का कहना है कि हेमंत सरकार हर क्षेत्र में जनता की गुनाहगार और धोखा देने वाली है, चाहे वह महिला हो, युवा हो, किसान हो, जनजाति समाज हो हर किसी को सिर्फ ठगा गया है। अपने एक ट्वीट में उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा अपना गुनाह पूछने पर वाल खड़ा किया। कहा - आपके सारे गुनाहों को भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच आक्रोश प्रदर्शन के माध्यम से जाकर बताएंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री ने जमीन खोदकर राज्य की खनिज संपदा को लूटने और लुटवाने का काम तो किया ही और साथ ही साथ अपने करीबियों के माध्यम से सैकड़ों एकड़ जमीन को भी अवैध तरीके से लुटवाने का भी मामला ईडी के छापे में सामने आया है। क्या यही था हेमंत सरकार के जल, जंगल, जमीन के नारे का मतलब? दो विधायकों के यहां आईटी की छापेमारी को लेकर अपने दूसरे ट्वीट में दीपक प्रकाश ने कहा- हेमंत सरकार में जहां हाथ डालो वहीं भ्रष्टाचार निकल रहा है।

### जांच से न घबराएं मुख्यमंत्री : बिरंची



झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक एवं बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने ईडी की कार्रवाई और हेमंत सोरेन व उनके समर्थकों की नाराजगी पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि कानून का सम्मान सबको करना चाहिए। कानून से ऊपर कोई नहीं है और यदि हेमंत सोरेनजी सही हैं, तो उनको जांच से घबराना नहीं चाहिए। उनको सामने आना चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए।

## – संपादकीय –

# झारखंड में सियासी घमासान

*केन्द्रीय जांच एजेन्सी ईडी और आयकर विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाई को लेकर झारखंड में सियासी घमासान की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पहले तो अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी कर गुरुवार को 11.30 बजे पूछताछ के लिए बुलाया। फिर अगले ही दिन शुक्रवार को आयकर चोरी के आरोप आईटी (आयकर विभाग) ने राज्य सत्ता में भागीदार कांग्रेस के दो विधायकों कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह तथा प्रदीप यादव के साथ-साथ लौह अयस्क कारोबारी शाह ब्रदर्स और खनन से जुड़े अधिकारियों एवं ठेकेदारों के लगभग 70 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। केन्द्रीय जांच एजेन्सियों की इस कार्रवाई से नाराज झामुमो और कांग्रेस के नेता केन्द्र सरकार को चुनौती देने लगे हैं। झारखंड में राजनीतिक पार्टियां अपना शक्ति प्रदर्शन करने लगी हैं, ताकि आने वाले चुनाव में उन्हें जनता का समर्थन मिल सके। सबसे पहले ईडी के समन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद राजधानी रांची में सड़क पर आकर गरजने लगे। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के सामने बीच सड़क पर ही झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने ईडी को समन भेजने की जगह गिरफ्तार करने की खुली चुनौती दे डाली। फिर शनिवार को झामुमो व कांग्रेस कार्यकताओं ने पूरे राज्य में केन्द्र सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। उधर, कांग्रेस ने पहले से ही चल रही भारत जोड़ो यात्रा के तहत अब राज्य के सभी जिलों में भी अपना कार्यक्रम तय कर लिया है। जबकि, दूसरी ओर राज्य की वर्तमान सरकार के खिलाफ भाजपा ने भी कमर कस ली है। भाजपा की ओर से राज्य सरकार के खिलाफ विभिन्न मुद्दों को लेकर 7 से 23 नवम्बर तक प्रखंड और जिला मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किये जाने की घोषणा की गई है। राजनीतिक दलों की इसी रस्साकशी के बीच विधायकों के घर 30 घंटे से अधिक समय तक आयकर विभाग की चली छापेमारी पर भड़कते हुए झामुमो ने पूरे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी किये जाने की चेतावनी दी है। झामुमो ने कहा है कि पार्टी के कार्यकर्ता कोयला-लोहा और खनिज पदार्थों को झारखंड से बाहर नहीं निकलने देंगे। दरअसल, झारखंड में आयकर विभाग द्वारा रांची, पटना, बोकारो, गोड्डा, दुमका सहित करीब 70 जगहों पर एकसाथ की गई बड़ी कार्रवाई के बाद राजनीतिक गतिरोध की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कांग्रेस व झामुमो इसे बदले की भावना की जा रही कार्रवाई बता रही है। पार्टी नेताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया। जबकि, भाजपा नेताओं ने इसे बेबुनियाद बताया है। भाजपा का कहना है कि मुख्यमंत्री अगर बेदाग हैं तो उन्हें ईडी का सामना करना चाहिए। इन्हीं घटनाक्रमों के बीच राज्य सरकार जल्द ही कैबिनेट की बैठक बुलाने जा रही है, जिसमें 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण की नीति पारित करने का फैसला लिये जाने की पूरी संभावना है। अब इस सबके नतीजे क्या होंगे, नई नीतियों का क्या हश्र होगा, अगले चुनाव में किसे फायदा और किसे नुकसान होगा, इस बारे में फिलहाल कुछ कहना कठिन है, लेकिन झारखंड की राजनीति में तकरार बढ़ने के आसार जरूर नजर आने लगे हैं।*

आप अपने विचार अथवा अपनी रचनाएं हमें निम्नलिखित ई–मेल पर भेज सकते हैं–
mithilavarnan@gmail.com, Contact : 9431379234
Join us on /mithilavarnan
Visit us on : www.varnanlive.com
*(किसी भी कानूनी विवाद का निबटारा केवल बोकारो कोर्ट में ही होगा।)*

# सुरक्षित बचपन, सुरक्षित राष्ट्र

## अभिव्यक्ति



– डॉ. प्रभाकर कुमार –
बाल अधिकार कार्यकर्ता सह मनोवैज्ञानिक, बोकारो (झारखंड)।

सभी सरकारी व निजी विद्यालयों मे किशोर न्याय अधिनियम 2015 के निर्देशों का पालन प्रबंधन को करना है। शिक्षक व कर्मियों को बच्चों का समग्र व्यक्तित्व विकास कानून के अनुपालन के साथ किए जाने की जरूरत है। बच्चों की शिक्षा व उनका विकास ऐसा हो, जिससे कि उन्हें मानसिक, भावनात्मक और शारिरिक रूप से भी सरंक्षण मिले। बढ़ती बाल उत्पीड़न की घटनाओं के मद्देनजर यह आवश्यक है। जेजे (जुवेनाइल जस्टिस) एक्ट 2015 के अनुसार विद्यालय में मानकों पर खरा उतरना अनिवार्य किया गया है। विद्यालय प्रबंधन व विद्यालय में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों, शिक्षकों, कर्मियों को अनिवार्य कानून की परिसीमाओं की अद्यतन जानकारी आवश्यक है। पोक्सो धारा 21 में यह वर्णित है कि विद्यालय प्रांगण में हुए किसी भी तरह का बाल अपराध या यौन अपराध की जानकारी स्थानीय थाना या जिले के विशिष्ट किशोर पुलिस इकाई तक आवश्यक रूप से दी जानी चाहिए। कोई भी बाल अपराध या यौन अपराध व व्यवहार की जानकारी छिपाता है, तो इसके लिये छह माह की सजा या 10 हजार रुपये जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। पोक्सो कानून 2012 के तहत विद्यालयों मे पोक्सो आधारित जागरूकता अभियान प्रत्येक विद्यालय तक अनिवार्य किया गया है। बच्चों की सुरक्षा हेतु अनिवार्य कदम में इसे शामिल किया गया है।

विद्यालयों मे ड्रॉपआउट बच्चों को भी प्रबंधन द्वारा चिह्नित करने की जरूरत है। सामान्यतः 40 या इससे अधिक दिनों तक स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को ड्रॉपआउट की श्रेणी में रखा जाता है। ड्रॉपआउट वाले बच्चे कहीं बाल विवाह, गलत बाल व्यापार, मानव



तस्करी, बाल श्रम, भटकने वाले बच्चे, घुमंतू बच्चे, नशे सेवन की ओर प्रवृत्त, गलत संगति, बाल अपराध या बाल उत्पीड़न के शिकार तो नहीं हैं, यह ध्यान रखना जरूरी है।

विद्यालय के सभी बच्चों को उक्त विषयों के साथ-साथ बाल अधिकारों, कानून व बाल मुद्दों आदि की जानकारी दिये जाने की जरूरत है। बच्चों को सुरक्षित रहने हेतु सेल्फ डिफेंस के तरीकों से बच्चों को प्रथम दृष्टया की जाने वाली कार्रवाई भी बताने की जरूरत है। उनके अभिभावकों को भी संवेदनशील बनाया जाय, तो समग्र व संवेदनशील विकास की रूपरेखा तय हो सकेगी। जिस दिन अभिभावकों के साथ मीटिंग होती है, उस दिन अभिभावकों को भी बाल मुद्दों व कानून पर मनोवैज्ञानिक पहलुओं के मद्देनजर मनोवैज्ञानिक द्वारा संवेदनशील किया जाय।

कोविड समयावधि में कोविड से गुजरे माता-पिता हेतु प्रधानमंत्री चिल्ड्रन योजना की अद्यतन जानकारी विद्यालय प्रबंधन को होनी चाहिए। अनाथ, एकल परिवार के बच्चों को आईसीपीएस योजनांतर्गत स्पांशिप योजना की अद्यतन जानकारी रहने से अनाथ बच्चे, एकल परिवार के बच्चों हेतु सहायता कर पाना सुलभ हो सकेगा और जब सुरक्षित बचपन होगा, तो ही हम सुरक्षित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो सकेंगे।

# कौन सही कौन गलत...?

## लघुकथा



-डॉ. सविता मिश्रा मागधी
बेंगलुरू, मो.- 8618093357



**बी**मार अम्मी के पांव दबाते-दबाते जाने कब सलमा की आंख लग गई। घड़ी ने पांच बजने की घंटी न बजाई होती, तो वह सोती ही रहती। अम्मा नींद में भी कराह रही थी। उनके बगल में शमीमा, शबनम, शकीला तीनों घोड़े बेचकर सो रही थीं। तीन महीने का शकील अम्मी के सूखे बूबू में दूध की धार खोज रहा था।

दबी जुबान से सलमा बड़बड़ा उठी, 'छह बजे फातिमा आपा के घर अंग्रेजी का ट्यूशन पढ़ने जाना है। वहां से आते-आते आठ बज जाएंगे। अब्बू और तीनों भाई जान भूखे लौटेंगे घर। उनके लिए क्या नाश्ता बना दे, जो जल्दी बन जाए। जिसे अब्बू के साथ सभी पसंद करें। वरना, खामख्वाह अम्मी की डांट सुननी पड़ेगी। सबसे पहले उसकी उम्र पर ताना कसेंगी, ''तेरह साल की हो गई लौंडिया, अभी तक रसोई संभालना नहीं आया। एक हम थे ग्यारह वर्ष की उम्र से ही खाना बनाते आ रहे हैं।'' ना बाबा ना, किसी की डांट नहीं सुननी। डांट सुनने से मूड खराब हो जाता है। पढ़ाई में मन नहीं लगता। पढ़ेगी नहीं तो किरण बेदी की तरह आईपीएस अधिकारी कैसे बनेगी? उसे अम्मी की तरह बच्चे पैदा करने की मशीन नहीं बनना। अब्बू कहते हैं, 'औलाद तो खुदा की देन है।' फिर वही खुदा औलादों की लाइन लगाने वाली को खाट क्यों पकड़ा देते हैं...?'

इसी प्रकार के जाने कितने सवालों से नन्हीं सलमा रोज गुजरती थी। उसे ख्याल आया, फातिमा आपा डेली का न्यूज पूछती हैं। मध्यम साउंड में टीवी चला तैयार होने लगी। आईने में स्वयं को निहार मुग्ध हो उठी। गालों को चूमती लटें उसके सौन्दर्य में चार चांद लगा रही थीं। बुरा सा मुंह बनाते हुए उसने हिजाब उठाया। इसे पहनते ही सारी रौनक चली जाएगी। तभी उसके कानों में न्यूज एंकर की आवाज पड़ी। 'ईरान में लाखों लोग हिजाब के विरोध में सड़कों पर उतरे।' सलमा सोच में पड़ गई। वह निर्णय नहीं कर पा रही थी कि कौन सही है कौन गलत...? हिजाब पहनने के लिए मजबूर करने वाले उसके अब्बू-अम्मी और तीनों बड़े भाई या इसका विरोध करने वाले लाखों ईरानी।

# 'जल-छाजन योजनाएं अपनाकर करें विकास की शुरुआत'

## भूमि-संसाधन विभाग के केंद्रीय सचिव अजय तिर्की ने पीएमकेएसवाई-आईडब्ल्यूएमपी की योजनाओं का लिया जायजा

**संवाददाता**

**बोकारो :** जिले में जलछाजन की व्यवस्था हो जाए, तो विकास स्वतः हो जाएगा। जलछाजन की योजनाओं को अपनाकर आप स्वयं अपने एवं अपने क्षेत्र के विकास की शुरुआत कर सकते हैं। जल संचयन माध्यम से न केवल सिंचाई की समस्या दूर की जा सकती है, बल्कि कई अन्य आजीविका के साधनों को विकसित कर सकते हैं। ये बातें भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अजय तिर्की ने कहीं। वह शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) आईडब्ल्यूएमपी - 04 के तहत जिले में क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण करने बोकारो पहुंचे थे। उनके साथ ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के विशेष सचिव श्री राम सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

सचिव श्री तिर्की अपनी टीम के साथ सबसे पहले पेटरवार प्रखंड की कोह पंचायत स्थित बुढ़नगोड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने 39 एकड़ में फैले मनरेगा पार्क (आम बागवानी) एवं अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं उप विकास आयुक्त कीर्तिश्री से योजना के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर को विशेष सचिव राम सिन्हा, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त कीर्तिश्री, स्थानीय मुखिया, जलछाजन समिति के सदस्य ग्रामीणों आदि के साथ उद्घाटन किया। साथ ही, अमृत सरोवर बांध पर सबों ने आम के पौधे का पौधरोपण किया।

### आपसी समन्वय से मिलेगी विकास को नई दिशा

इस अवसर पर उपस्थित लाभुकों एवं ग्रामीणों के साथ भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव श्री तिर्की ने संवाद किया। जल-छाजन के महत्व को बताया। विकास की शुरुआत कैसे और कहा से करें, इसकी बात कही। उन्होंने अमृत सरोवर में जल संचय से स्वनिर्भर को लेकर कौन-कौन से कार्य किए जा सकते हैं, इसकी जानकारी ली। स्थानीय मुखिया राजेंद्र रजवार एवं लाभुकों व ग्रामीणों ने बताया कि वह आम बागवानी के साथ, मत्स्य पालन, बत्तख पालन, मुर्गी पालन, सब्जी खेती आदि का कार्य करेंगे और आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्व-निर्भर बनेंगे। जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव ने कहा कि आपसी समन्वय के साथ इस दिशा में काम करें, इससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### पोली हाउस में बनाई गई नर्सरी का लिया जायजा

आगे, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव श्री तिर्की कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत पहुंचे और जल छाजन समिति के सदस्यों, जेएसएलपीएस की दीदी द्वारा पोली हाउस में बनाए गए



नर्सरी का जायजा लिया। उन्होंने नर्सरी कार्य कर रही समूह के दीदी सुनीता देवी, नीरा देवी आदि से उनके अनुभवों की जानकारी ली। कैसे वह नर्सरी में पौधे तैयार करते हैं और इससे उन्हें कैसे फायदा मिल रहा है। समूह की दीदियों ने बताया कि कोकोपिट में पौधा तैयार करने में उन्हें पहले की अपेक्षा तीन गुणा फायदा हो रहा है। पुरानी विधि से पौधा तैयार करने में बीज से पौधा 30-50 फीसदी ही तैयार होता था, लेकिन नई कोकोपिट पद्धति से बीज से पौधा 97-100 फीसदी तैयार होता है। उन्होंने जल-छाजन के लिए बने तालाब, आसपास सिंचाई के माध्यम से लगी फसलों, सोलर प्लांट के माध्यम से संचालित मोटर पंप आदि का भी जायजा लिया। इस क्रम में डीसी, डीडीसी के अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, पेटरवार बीडीओ शैलेंद्र कुमार, सीओ ब्रजेश श्रीवास्तव, कसमार बीडीओ विजय कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, प्रदान संस्था के प्रतिनिधि, स्थानीय प्रतिनिधि, ग्रामीण व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

**पहल** सेक्टर-1सी में खुलेगा नया कौशल विकास केंद्र, बोकारो-दीक्षा परियोजना होगी कारगर

# ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के गुर सिखाएगी डालमिया और बीएसएल




**संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो स्टील का सीएसआर विभाग डालमिया भारत फाउंडेशन के सहयोग से सेक्टर 1सी स्कूल भवन परिसर में एक नया कौशल विकास केंद्र खोल रहा है। इस योजना के तहत इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार उन्मुख अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। बोकारो स्टील प्लांट तथा डालमिया भारत फाउंडेशन के बीच इस योजना हेतु पूर्व में किए गए समझौते के अनुसार सेल-बीएसएल इस कौशल विकास केंद्र के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और कुछ संकाय सहायता प्रदान कर रही है, जबकि डालमिया भारत फाउंडेशन कौशल विकास केंद्र में आवश्यक प्रशिक्षण उपकरण प्रदान कर रहा है, साथ ही आवश्यक संबद्धता प्राप्त करने और प्रशिक्षुओं को प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान करेगी।

बोकारो-दीक्षा परियोजना के नाम से यह काम किया जाएगा। कौशल विकास केंद्र के समग्र संचालन का प्रबंधन सेल-बीएसएल और डालमिया भारत फाउंडेशन के सदस्यों के साथ गठित एक प्रबंध समिति द्वारा किया जाएगा।

इस कड़ी में सेक्टर- 1सी स्थित केंद्र में प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। प्रबंधन समिति में दोनों संगठनों के सदस्य हैं और यह कौशल विकास केंद्र से संबंधित विभिन्न प्रबंधन और प्रशासनिक पहलुओं की निगरानी करेगी। बैठक में बीएसएल की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं शिक्षा) मनीष जलोटा, महाप्रबंधक (सीएसआर) सीआरके सुधांशु तथा प्रबंधक (एमएम) तनु प्रिया उपस्थित थे।

डालमिया भारत फाउंडेशन की ओर से बैठक में महाप्रबंधक (टेक्निकल एंड प्रोडक्शन) सुभाष कुमार, उप महाप्रबंधक (सीएसआर) संजय बी. कुमार तथा प्रबन्धक (एचआर) अमित सिंह उपस्थित रहे। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान के अनुसार बोकारो दीक्षा के नाम से आरंभ किए जा रहे इस केंद्र में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सोलर पैनल टेक्निशियन तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट हेतु एनएसडीसी से मान्यता प्राप्त शॉर्ट टर्म स्किल डेवलपमेंट कोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे।

# खुदकुशी या कुछ और ?

## सुलगते सवाल छोड़ गई जिला पंचायती राज पदाधिकारी की संदेहास्पद मौत

**संवाददाता**

**बोकारो :** जिले में वैसे तो आए दिन आत्महत्या की घटनाएं सामने आती हैं और अमूमन लगभग हरेक का कुछ



न कुछ कारण सामने आता ही है, लेकिन हाल में जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ पदाधिकारी की तथाकथित आत्महत्या अपने-आप में एक रहस्यमयी गुत्थी बन गई। बोकारो के जिला पंचायती राज पदाधिकारी राज शेखर (59) का शव अपने घर में फंदे से लटकता बरामद किया गया। सेक्टर-1सी स्थित उनके क्वार्टर 483 के कमरे में वह मृत पाए गए। घटना के समय उनकी पत्नी रूबी प्रिया घर में नहीं थीं। वह सुबह टहलने के लिए निकल गई थीं। लगभग आधे घंटे बाद लौटीं, तो उनका सुहाग उजड़ चुका था। यह देखते ही उन्होंने आवास के ऊपरी मंजिल में रहने वाले कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण रोहित कुजूर को आवाज देकर बुलाया, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया।

बताया जाता है कि घटना से एक दिन पहले तक राज शेखर ने दोपहर 2 बजे तक डीसी कार्यालय में और शाम 6.30 बजे तक जिला परिषद कार्यालय में काम किया था। लेकिन, किसी भी तनाव का जिक्र अपनी पत्नी के साथ भी नहीं किया था। उनकी पत्नी ने अधिकारियों को बताया कि सुबह उठने के बाद पति को टहलने के लिए जगाया, लेकिन उन्होंने कहा कि वह अभी सोएंगे, इसलिए वह अकेले ही टहलने चली गई। घटनास्थल पर सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, एनडीसी विवेक कुमार सुमन, थाना प्रभारी दुल्लड़ चौड़े के साथ जिला प्रशासन के कई अधिकारी पहुंचे।

सिटी डीएसपी के मुताबिक मामला आत्महत्या से जुड़ा है। उनकी पत्नी से पुलिस ने बात की है। लेकिन, कारण क्या रहा, यह सबकी समझ से परे है। ऐसे में यह घटना अपने पीछे सवाल सुलगते छोड़ गई। राजशेखर जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

### विभाग ने खो दिया एक कुशल अधिकारी : डीसी

जिला पंचायती राज पदाधिकारी राज शेखर के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय में शोकसभा की गई। मौके पर डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि पंचायत विभाग ने एक कुशल अधिकारी को असमय खो दिया। अपने सफल कार्यकाल के दौरान उन्होंने अच्छे कार्य से विभाग की सकारात्मक छवि बनाई। राजशेखर बोकारो जिले में 25 अक्टूबर 2019 से पदस्थापित थे। बोकारो से पूर्व वे जामताड़ा जिला में उक्त पद पर थे। वह मूल रूप से पटना के अनीशाबाद के रहनेवाले थे।

*गुड न्यूज : 1200 लोग एक साथ बैठ सकेंगे, सांसद-विधायक ने किया शिलान्यास*

# शहर को हाइटेक टाउन हॉल की सौगात



संवाददाता
**बोकारो :** बोकारो की सुविधाओं में एक और नया आयाम जुड़ गया है। कैंप-2 स्थित डीसी कार्यालय के पीछे 24 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से टाउन हॉल बनाया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए बुधवार को सांसद पी एन सिंह, बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने विधिवत भूमि-पूजन कर आधारशिला रखी। यह टाउन हॉल कई सुविधाओं से युक्त होगा। पूरी तरह से वातानुकूलित इस टाउन हॉल में एक साथ 1200 लोग बैठ सकेंगे। हॉल के बेसमेंट में 60 चारपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। गेस्ट रूम में लोग ठहर भी सकेंगे। परिसर के अंदर 4500 स्क्वायर फीट क्षेत्र में घूमने और बैठने के लिए पार्क की व्यवस्था होगी। टाउन हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था रहेगी। साथ ही एक ऐसा मीटिंग हॉल बनेगा, जिसमें 60 लोग बैठकर बैठक कर सकेंगे।

चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह के अनुसार फर्स्ट फ्लोर पर 2 शॉर्ट रूम बनेंगे। जबकि दूसरी मंजिल पर 8 साधारण कमरे बनाए जाएंगे। मीटिंग हॉल फर्स्ट फ्लोर पर ही होगा। टाउनहॉल में वीवीआईपी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, वातानुकूलित वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम, लिफ्ट, कैंटीन तथा सोलर सिस्टम से पूरी तरह से लैस होगा, जो बोकारो में आज तक संभव नहीं हो पाया था। हॉल का निर्माण कार्य मेसर्स निरंजन राय कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से कराया जाएगा। टाउन हॉल पूरी तरह से आधुनिक संसाधनों से लैस होगा। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तिश्री, विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी, राजद के जिलाध्यक्ष बुद्धनारायण यादव, इंद्र कुमार झा आदि मौजूद रहे।

### 2024 तक बनकर तैयार हो जाएगा हॉल

शिलान्यास करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह टाउन हॉल शहर के लोगों के लिए बहुत ही अच्छा है। यहां लोग निर्धारित शुल्क देकर शादी वगैरह समारोह आयोजित कर सकेंगे। इसमें वीआईपी लाउंज बनेंगे। यह शहर के लिए बहुत बड़ी सौगात है। वर्ष 2024 में यह टाउन हॉल पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि तीन दशक का सपना आज बोकारोवासियों के लिए साकार होता दिख रहा है। इसके निर्माण कार्य में तत्कालीन डीसी राजेश कुमार तथा वर्तमान डीसी कुलदीप चौधरी का अहम योगदान रहा है।

## बिरसा मुंडा जयंती के सफल आयोजन को ले तैयारी तेज

**बोकारो :** भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह समिति, बोकारो द्वारा बिरसा मुंडा जयंती को सफल बनाने को लेकर सेक्टर-8बी स्थित ग्रीन टाइगर फोर्स कार्यालय में बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के कोषाध्यक्ष सह ग्रीन टाईगर के अध्यक्ष संजय गागराई ने की। श्री गागराई ने कहा कि नया मोड़ के बिरसा चौक स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल में विगत 50 वर्षों से



समिति द्वारा जयंती मनाई जाती रही है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जयंती सह राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम भी मनाया जा रहा है। समिति के सदस्य रामदयाल सिंह ने कहा कि इस साल भी समिति द्वारा सांस्कृतिक दल व अन्य कार्यक्रम में शामिल होनेवाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। इसको लेकर आदिवासियों गांवों में बैठक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मौके पर मथुरा सिंकू, चंद्रकांत पूर्ति, विनय कुमार, कृष्णा, सोनू, शुभम, चिक्कू, सूरज, नीरज आदि रहे।

**अनदेखी** डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की कमी

# इस अस्पताल को 'इलाज' की जरूरत



कुमार संजय
**बोकारो थर्मल :** बदलते परिवेश में एक ओर जहां अस्पतालों को चुस्त-दुरुस्त रखने तथा डॉक्टरों को नियमित रुप से ड्यूटी करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये जाते हैं, वहीं दूसरी ओर बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के अस्पताल को लगातार विशेषज्ञ डॉक्टरों, डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे डीवीसी के कामगार एवं बोकारो थर्मल के 20 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को मेडिकल सुविधा के नाम पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

डीवीसी मुख्यालय कोलकाता, डीएचएस भी डॉक्टरों की कमी दूर करने में कभी भी गंभीर नहीं दिखते। कोविड की दूसरी लहर का बोकारो थर्मल में व्यापक असर देखा पड़ा था। कोविड एवं इसके संक्रमण के लक्षणों से बोकारो थर्मल में लगभग 50 से भी ज्यादा डीवीसी के कामगारों, अधिकारियों एवं आम लोगों की मौत हो चुकी थी। कोविड काल में ही डीवीसी के स्थानीय एचओपी सुप्रियो गुप्ता तथा उनके निजी सहायक सावन महार्जन की मौत हो गयी थी। सैकड़ों की संख्या में डीवीसी के कामगार, सप्लाई मजदूर, अवकाश प्राप्त कर्मी एवं कामगारों के परिजनों के अलावा आसपास के निजी कॉलोनियों एवं नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के बीस किलोमीटर के क्षेत्र में रहनेवाले लोग संक्रमित एवं बीमार जब होतें हैं, तो डीवीसी का अस्पताल ही उनका एकमात्र सहारा होता हैं। डीवीसी के स्थानीय हॉस्पीटल में लगातार विशेषज्ञों एवं डॉक्टरों की कमी के कारण यह अस्पताल महज शोभा की ही वस्तु बनकर रह गया है।

अस्पताल में विशेषज्ञों एवं डॉक्टरों का कुल सृजत पदों की संख्या 22 है। परंतु वर्तमान में 9 स्थायी एवं एक संविदा के डॉक्टर प्रशांत कुमार हैं। इसी प्रकार अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ का कुल सृजित पद 19 है, परंतु वर्तमान में 12 स्टाफ ही हैं।

बेरमो भाकपा के अंचल मंत्री ब्रजकिशोर सिंह ने डीवीसी अध्यक्ष,सदस्य सचिव एवं डीएचएस से बोकारो थर्मल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने की मांग करते हुए उन्हें नियुक्त करने की मांग की है, ताकि डीवीसी के कामगारों एवं आमलोगों एवं ग्रामीणों को उनकी सेवा का लाभ मिल सके।

## हफ्ते की हलचल

### छठ पर घर भी गुलजार, घाट भी रहे रोशन



**बोकारो :** ईश्वर के प्रति अगाध आस्था और समर्पण का चार-दिवसीय महापर्व छठ अपने चिर-परिचित उत्साह और उमंग के बीच उदयाचल भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। बोकारो, उपशहर चास सहित आसपास के पूरे इलाके में यह महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। दो वर्षों के कोरोना काल के बाद इस बार लोगों ने खुलकर इस महापर्व का आनंद लिया। घर से लेकर घाट तक रौनक छाई रही। क्या बुजुर्ग और क्या बच्चा, हर उम्र के लोग पूरे नियम-निष्ठा के साथ आदिदेव भगवान सूर्य के प्रति श्रद्धानवत बने रहे। भारी तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ छठ घाटों पर उमड़ी रही। जिन व्रतियों ने अपने में घरों में छठ किया, उनके यहां भी आसपास के लोग भारी तादाद में जुट गए। किसी ने घर के पास बड़ा गड्ढा खोद उसमें प्लास्टिक डाल पानी भरकर, तो किसी ने घर की छत पर टंकी जैसी संरचना बनाकर उसमें भरे पानी में खड़े हो अर्घ्य प्रदान किया। बोकारो शहर के सिटी पार्क छठ घाट, चास गरगा पुल छठ घाट, चास सोलागीडीह छठ घाट, दामोदर नदी तेलमोच्चो ब्रिज, सेक्टर-9 कूलिंग पौंड, सेक्टर-3 टू-टैंक गार्डेन, गरगा डैम, सेक्टर-12 में बारी को-ऑपरेटिव मोड़, माराफारी के रितुडीह, बांसगोड़ा, सिवनडीह में गरगा नदी पर बने घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ इस बार भी उमड़ी रही।

### बाइक चोरी के पैसे से पूरी करते थे नशे की लत, 3 गिरफ्तार



**बोकारो :** शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर कुछ हद तक लगाम लगाने की दिशा में पुलिस ने अहम कामयाबी पाते हुए एक वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया। बीएस सिटी थाने की पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद भी की गईं। आश्चर्य की बात तो यह है कि ये तीनों बदमाश अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए बाइक चुराया करते थे। बाइक चोर गिरोह का मुख्य सरगना चास स्थित आदर्श कॉलोनी निवासी आदित्य कुमार बांसफोर उर्फ बबन बताया जा रहा है, जिसके घर से सेक्टर-1सी से चोरी गई एक बाइक मिली। जबकि, उसकी निशानदेही पर गैंग के दो और सदस्य कैम्प-2 हनुमान नगर निवासी रवि कुमार और सेक्टर-1सी निवासी अनुल कुमार उर्फ रोहित पुलिस के हत्थे चढ़ा। उनकी निशानदेही पर सेक्टर-2सी मेला से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई।

### मॉरीशस में डीपीएस बोकारो के प्राचार्य को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार



**बोकारो :** डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं ख्याति-प्राप्त शिक्षाविद ए एस गंगवार श्रीलंका के बाद मॉरीशस में पुनः अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए। मॉरीशस के पोर्ट लुई स्थित विश्व हिन्दी सचिवालय में उन्हें एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। अपने विद्यालय में नवोन्मेषी प्रयास के जरिए अध्यापन के तौर-तरीकों में नयापन लाकर इसे समुन्नत बनाने के लिए उन्हें एक्सीलेंट इनोवेटर कैटेगरी में पुरस्कार दिया गया। इंटेलिजेंट माइंड्स ट्रस्ट द्वारा शिक्षा मंत्रालय, मॉरीशस के सहयोग से प्रोफेशनल ग्रूमिंग सेशन के दौरान उन्हें मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन ने वहां की उप-प्रधानमंत्री लीला देवी दोकुन लछुमन और भारतीय उच्चायुक्त नंदिनी सिंगला सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। इसके पूर्व प्राचार्य श्री गंगवार को श्रीलंका में भी एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया था। श्रीलंका के बाद मारीशस में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार पानेवाले श्री गंगवार झारखंड से एकमात्र प्राचार्य हैं। उन्होंने इसका श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को दिया।

### देवोत्थान एकादशी के अवसर पर संगीत संध्या आयोजित



**बोकारो :** आदर्श को-ऑपरेटिव कॉलोनी, सेक्टर- 12 में देवोत्थान एकादशी के अवसर पर संगीत संध्या का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध तबलावादक पं बच्चनजी महाराज के संयोजन में आयोजित इस संगीत संध्या में बोकारो के सुप्रसिद्ध गायक अरुण पाठक ने 'अपन मिथिला के गाथा हम सुनू एखने सुनाबै छी...', महाकवि विद्यापति रचित 'माधव कते तोर करब बड़ाई... ' की सुमधुर प्रस्तुति के बाद हिन्दी भजन 'तोरा मन दर्पण कहलाए... ' व 'मैं देखूं जिस ओर सखी री सामने मेरे सांवरिया... ' सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गया घराने के वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पं कृष्ण मोहन पाठक ने राग यमन में ध्रुपद व राग बिहाग में धमार सुनाने के पश्चात गया घराने की ठुमरी सुनाकर सबको आनंदित किया। बोकारो के हरेकनाथ गोस्वामी ने राग दरबारी कान्हड़ा में बिलंबित ख्याल, मिलन गोस्वामी ने राग जोग में बिलंबित ख्याल व द्रुत ख्याल सुनाए।

# अन्नदाताओं को मिलेगी हेमंत सरकार की सौगात

## सुखाड़ से राहत को हर महीने मिलेंगे 3-3 हजार रुपए, 15 के बाद पुलिस की बंपर बहाली भी




### आगे भी चलता रहेगा आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत पदाधिकारी सीधे आपके घर तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम ने लोगों के चेहरे पर खुशी लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम केवल एक महीने ही नहीं, बल्कि इसके बाद भी चलता रहेगा। ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण और सीधी-सादी जनता को दलालों से छुटकारा मिलता है, क्योंकि पदाधिकारी शिविरों में ही आपकी समस्याओं का निदान कर देते हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों में ऐसा माहौल नहीं देखा गया। जहां-जहां शिविर लग रहा, वहां मेला जैसा माहौल बना हुआ है। आप यदि किसी शिविर में अपनी समस्या से संबंधित आवेदन नहीं दे पाए, तो अगले दिन नजदीकी शिविर में जाकर अपनी समस्या समाधान हेतु आवेदन दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 9 लाख बच्चियों को जोड़ने का काम किया जा रहा है।

**विशेष संवाददाता**

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य में विकास योजनाएं सीधे जनता तक पहुंचाने का काम जोरों पर जारी है। इसी कड़ी में राज्य के अन्नदाताओं यानी किसानों के हित में भी हेमंत सरकार ने आगे कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू दौरे के दौरान कई बड़ी घोषणाएं की हैं। सीएम ने खुले मंच से घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि 15 नवंबर के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस जवानों की भर्ती होगी। राज्य में 15 नवंबर के बाद शिक्षा समेत अन्य विभाग में भी नियुक्ति होनी है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए 15 नवंबर के बाद सभी प्रखंडों में कैंप लगाए जाने हैं। राज्य के 31 लाख किसानों को तीन-तीन हजार रुपये दिए जाने हैं। सुखाड़ को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है।

सीएम ने घोषणा की है कि राज्य स्थापना दिवस के दिन कई मॉडल स्कूलों की भी शुरुआत की जा रही है। प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों को भी विकसित किया जा रहा है। शिक्षकों को आईआईएम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की सरकार विकास के कई कार्य कर रहे हैं। राज्य सुखाड़ से जूझ रहा है, अगले पांच वर्ष तक गठबंधन की सरकार रहती है तो राज्य के हर खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के पदाधिकारी मोटरसाइकिल, साइकिल, ट्रैक्टर और पैदल चलकर भी सुदूरवर्ती प्रखंडों में पहुंच रहे हैं। वहां शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से जनता को आच्छादित करने का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने पलामू के मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जन-प्रतिनिधियों के घर जाइए और उन्हें बोलिए कि जहां शिविर लगा हो, वहां जाकर आपको योजना से जोड़ने का काम करें। स्टेडियम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के साथ उन्हें लाभान्वित भी कराया गया।

## पेज- एक का शेष

काम कर रही है। टीम ने उनके आवास में कम्प्यूटर और लैपटॉप को भी खंगाला।

### कोयला कारोबारियों में हड़कंप

बेरमो में विधायक अनूप सिंह के अलावा, जरीडीह बाजार निवासी कुलदीप सिंह उर्फ लक्की सिंह और बेरमो निवासी कोयला कारोबारी अजय सिंह के खिलाफ आईटी की कार्रवाई के बाद क्षेत्र के कोयला कारोबारियों में हड़कंप देखा जा रहा है। बता दें कि आईटी टीम को लक्की सिंह के घर से 5.40 लाख रुपए मिले। वहीं, गोड्डा में छापेमारी के बाद विधायक प्रदीप यादव के घर से दो लाख और उनके एक करीबी रामाकांत यादव के आवास से 40 लाख रुपए मिले। इसके अलावा दुमका में विनोद कुमार लाल के यहां भी नौ लाख रुपए बरामद किए गए।

### पानी टंकी तक की जांच

पहले दिन छापेमारी के समय विधायक अनूप बेरमो में नहीं थे। आवास पर उनकी मां रानी देवी और छोटा भाई युवा कांग्रेस के नेता कुमार गौरव थे। लगभग 40 घंटे तक घर का हरेक कोना खंगाला गया। यहां तक कि छत के ऊपर पानी टंकी का ढक्कन तक भी खोलकर जांच की गई। टीम के अधिकारियों ने बताया कि टीम में झारखंड, बिहार और बंगाल के अधिकारी शामिल थे। विधायक के रांची, बेरमो और पटना स्थित आवास में छापेमारी की गई।

## विधान परिषद प्रेस सलाहकार बनाए जाने पर मदन मोहन ठाकुर सम्मानित



**पुपरी :** स्वामी सहजानंद सरस्वती नगर स्थित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पूर्व मुखिया रामसखा चौधरी की अध्यक्षता में मदन मोहन ठाकुर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मालूम हो कि वरिष्ठ पत्रकार मदन मोहन ठाकुर को बिहार विधान परिषद प्रेस सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन के लिए स्थानीय लोगों ने सभापति, विधान परिषद देवेशचंद्र ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर कई शिक्षाविदों व गणमान्यजनों की उपस्थिति में एसडीएम नवीन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी मो. अतीउर रहमान ने अंगवस्त्र व कलम आदि भेंटकर मदन मोहन ठाकुर को सम्मानित किया। सम्मान समारोह को रत्नेश्वर ठाकुर, उदय सिंह करुणाकर, रामस्नेही पांडेय, जिला परिषद सदस्य विजय कुमार मिश्र, नानपुर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अनुपम कुमार बमबम, अर्चना जायसवाल, प्रो. शंकर कुमार सिंह आदि वक्ताओं ने श्री ठाकुर को प्रेस सलाहकार समिति सदस्य बनाया जाना उनकी स्वच्छ, निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता का परिणाम बताया। इसके लिए मुख्य अतिथि एसडीएम नवीन कुमार ने भी देवेश बाबू की इस पहल की सराहना की। मौके पर रामसखा चौधरी, एसके सुमन, रत्नेश्वर ठाकुर, अजय कुमार ठाकुर, राकेश कुमार चौधरी, विजय प्रसाद, इंद्र कुमार, संदीप मिश्रा, कुणाल कुमार, विनोद सिंह, वशिष्ठ नारायण ठाकुर, राम सजीवन ठाकुर, इंजीनियर सरोज, भूपेंद्र शर्मा, विनोद स्वामी, आलोक कुमार ठाकुर, अखिलेश कुमार, सोनू सिंह, चंदन ठाकुर, ब्रजेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## दरभंगा में मौसम का बदला मिजाज, रात का पारा 15 डिग्री तक लुढ़का



**दरभंगा :** जिले में मौसम का मिजाज अब बदला-बदला सा दिखने लगा है। ठंड का असर और सिहरन स्पष्ट महसूस की जाने लगी है। दिन और रात के तापमान में लगभग दोगुने का अंतर आ चुका है। दिन का तापमान 31 डिग्री और रात में पारा 15 डिग्री तक पहुंच चुका है। शुक्रवार को मौसम पिछले दिनों की तुलना में थोड़ा गर्म रहा, तो इसके पहले गुरुवार को दिन में तापमान 30.4 डिग्री और रात में 15.5 डिग्री पर पहुंच गया था। रात के तापमान में 1.9 डिग्री सेल्सियस की कमी आई थी। मौसम के बदले मिजाज के कारण धूप में नरमी आ चुकी है और हल्की हवा के झोंके भी सिहरन पैदा करने लगे हैं। खासकर, सुबह और शाम पांच बजे के बाद ठंडक महसूस की जाने लगी है। लोगों ने स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े निकल चुके हैं। आने वाले दिनों में धीरे-धीरे ठंड बढ़ेगा और आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे।

मिथिला डायरी

चित्रा टी हाउस
Garden Fresh Tea
दार्जिलिंग चायपत्ती के थोक एवं खुदरा विक्रेता
सिमरी (मधुबनी) 847222
प्रो.- कमलेन्द्र मिश्र (राजा) मो.- 8873407301

# जीवन के उपयोगी पांच महासूत्र





-गुरुदेव श्री नन्दकिशोर श्रीमाली

बहुत सारे साधक मेरे पास तरह-तरह के प्रश्न लेकर आते हैं, तरह-तरह की विद्याओं के संबंध में पुस्तकें पढ़कर आते हैं, अलग-अलग ज्ञान और विद्याएं प्राप्त करने की जिज्ञासा प्रकट करते हैं। उनके लिए आज मैं वशीकरण विद्या का महासूत्र प्रदान कर देता हूं, जो मानव जीवन के लिए आवश्यक है। इस विद्या हेतु न तो कोई साधना करनी है, न कोई कठोर तप करना है और न हिमालय की किसी कन्दरा में जाकर बैठना है। बस, यह पांच सूत्र कभी भी खण्डित नहीं होने चाहिएं। पांच सूत्र सदैव साथ चलेंगे, तब वशीकरण क्या, संसार की और सारी विद्याएं भी आपको सिद्ध होने लगेंगी।

## पहला सूत्र - स्वास्थ्य

शरीर निरोग है तो रक्त प्रवाह श्रेष्ठ रहेगा। शुद्ध रक्त से उत्तम सौन्दर्य प्रकट होगा। आप ही देख लो, यदि कोई व्यक्ति रंग, बनावट से तो सुन्दर है, लेकिन स्वास्थ्यहीन है, पीला पड़ा चेहरा है, नेत्रों में दीनता है, पीड़ा और असमर्थता झलक रही है तो फिर रूपवान होने का क्या अर्थ है?

यह ध्यान रखें कि शरीर का रंग चाहे गोरा हो या काला हो, नाटे हो या लम्बे हो, सुन्दरता अंगों से नहीं होती है, सुन्दरता होती है उस तेज से, जो शुद्ध रक्त के द्वारा प्रकट होता है। इसी तेज को आकर्षण शक्ति कहते हैं। बस, आपके चेहरे पर तेज है तो सब आपकी ओर आकर्षित हो जाएंगे। स्वास्थ्य की रक्षा नहीं की तो दूसरे क्या, आप के आश्रित भी आपके वशीभूत नहीं होंगे।

## दूसरा सूत्र - प्रसन्न रहना

प्रसन्न तो रहना ही है। कहते हैं, जो हंसता है, वह पुष्प समान खिल जाता है और खिले हुए पुष्प पर ही मधुमक्खियां, भंवरे मंडराते हैं। आपके चेहरे पर जब मुस्कुराहट नृत्य करती है तो फिर आपके शरीर से ईर्ष्या, द्वेष, चिन्ता को जगह ही नहीं मिलती।

कामयाबी तो खुशमिजाज लोगों को ही मिलेगी। दुनिया में किसे फुर्सत है कि आप अपने दुर्भाग्य, दुःख और निराशा का रोना रोएं, लोग आपके प्रति आकर्षित होने की बजाय विकर्षित हो जाएंगे। आप हंसोगे तो लोग आपके साथ हंसेंगे, मुस्कुराएंगे अवश्य।

अरे भाई! कोई मुसीबत आ गई है तो हंसते-हंसते उसका सामना करिए ना। रोने से कोई ज्यादा ताकत आती है? ताकत तो हंसने से ही आती है। कई बार मैं देखता हूं कि आप हंसना तो भूल ही गए। गंभीर चेहरा लटकाकर बैठे रहते हो। हंसना तो एक कला है और यह कला आपके भीतर ही है। इसे चेहरे तक लाइए। बस, आपका जीवन सरस, स्निग्ध हो जायेगा।

जब आपने अपने चेहरे पर हंसी की मधुर रेखा खींची है, सब आकर्षित होंगे। भगवान बालकों को यह गुण उपहार में देता है और आप अपने इस गुण को विस्तार से, गंभीरता से ढक देते हो। यह तो आत्मा का गुण है। यह दूसरों को वश में कर सकता है और आपको भी शांत और मुक्त बना देता है।

## तीसरा सूत्र - श्रेष्ठ विचार

विचार तो सदैव शुद्ध ही होने चाहिए और निःस्वार्थ होने चाहिए। सबसे बड़ी शक्ति भावना में ही है। इससे आपके चारों ओर एक विशेष वातावरण बनता है, जिसमें वशीकरण का पूर्ण प्रभाव होता है। प्रेम और पवित्रता के विचार रखोगे तो संसार की सारी सद्भावना आपके पास उमड़-उमड़ कर आएगी। प्रसन्नता की छाया आपको ढंक देगी। विचार अच्छे तो कर्म अच्छे। कर्म अच्छे तो कभी किसी के सामने शर्म भी नहीं आएगी। आप निश्चिंत, निर्द्वन्द्व होकर कार्य करेंगे। आपके श्री मुख पर वैभव की वास्तविक आभा देदीप्यमान होगी।

## चौथा सूत्र - मधुर वचन

बोलिए सदैव मीठा, वाणी वशीकरण का आधार है। क्यों हम किसी को कड़वे वचन बोलें, तज दे वचन कठोर...! क्रोध और कटता पूर्ण वचनों में विनय और विनम्रता नहीं होती। मधुर वचनों में विनय और विनम्रता दोनों होते हैं और विनम्र वचनों से तो मनुष्य क्या, देवता भी आपके बस में हो जाते हैं। प्रेम पूर्वक गाए गए भजनों, वचनों से क्या देवता आपके वशीभूत नहीं होते? अवश्य होते हैं!

## पांचवा सूत्र - उदारता

मन रे तू उदार बन। किसी आदमी का दिल रुपए-पैसे से नहीं खरीदा जा सकता। उदार भाव और प्रेम भाव से उसे अपना बना सकते हैं। जिन्हें आप अपना प्रेम पात्र बनाना चाहते हैं, उनके साथ कुछ एहसान कीजिए, उनके काम में सहयोग कीजिए। बस, इस कीमत में सब आपके वश में हो जाएंगे। जहां केवल लेन-देन का व्यापार होता है, वहां वशीकरण की शक्ति नहीं होती। जहां स्वभाव उदार होता है, वहां आपकी वशीकरण की शक्ति हजार गुना बढ़ जाती है। प्रेमी हृदय रखिए। प्रेमी हृदय सदा ही देने का ही भाव रखता है। जिस प्रकार प्रेम में लेन-देन नहीं होता है... और जो प्रेमी हृदय वाला होता है, उसमें वशीकरण की शक्ति अपने आप उत्पन्न हो जाती है।

इस वशीकरण की शक्ति से मनुष्य तो क्या, ईश्वर और दैव को भी आप वशीभूत कर सकते हैं। तीव्र इच्छा शक्ति होनी चाहिए। विशुद्ध आकांक्षा होनी चाहिए। प्रेम की भक्ति का बंधन तो अटूट है। वहां परमात्मा, गुरु, देव सब आपके सहचर बन जाते हैं। प्रसन्न रहें और अपने श्रेष्ठ विचारों पर गतिशील रहें...।

(साभार : निखिल मंत्र विज्ञान)




**मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)** - उदर विकार,हृदय रोग,थकावट आदि का सामना करना पड़ सकता है स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कार्यों के सफलता में विलम्ब हो सकती है। मित्रों एवं सम्बंधियों से रिश्ते बनाकर रखें।

**वृष (ई उ ए ओ वा वी वू वे वो)** - छाती विकार या ज्वर से गुजरना पड़ सकता है स्वास्थ्य पर ध्यान दें। अनावश्यक खर्च होंगे। कार्य एवं पद में हानि हो सकती है। मित्रों का शत्रुता का व्यवहार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा का ह्रास होगा।

**मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)** - स्वास्थ्य में सुधार होगा। नवीन वस्त्रादि का सुख प्राप्त होगा। मन प्रसन्नचित होगा। बन्धुजनों से लाभ होंगे। भाग्य में वृद्धि होगी। पदोन्नति के लिए समय ठीक है। पिता से लाभ प्राप्त होंगे। शत्रुओं पर विजय।

**कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)** - रोगमुक्त होंगे। गलत चरित्र के लोगों से दुरी बनाएं। कार्यों के सफलता में देर हो सकती है। धनागम के योग बनेंगे। शत्रुओं पर विजय।

**सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)** - स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। स्त्री से सम्बन्ध सुधरेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शत्रुओं पर विजय होगी। मन में चंचलता रहेगी। उत्तम भोजन एवं वस्त्र सुख प्राप्त होंगे। भाइयों से रिश्ते बनाकर रखें लाभ होगा।

**कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)** - बुरे कर्मों के फल प्राप्त होंगे। शरीर में पीड़ा होगी। बवासीर या अपच का शिकार हो सकते हैं। धन का अधिक खर्च होगा। शत्रुओं से झगड़े होंगे।। मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती है।

**तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)** - स्वास्थ्य में सुधार होंगे। धन की प्राप्ति के योग बनेंगे। व्यापार में अच्छा लाभ होगा। स्त्रीवर्ग से लाभ। तरल पदार्थो से लाभ होगा। उत्तम भोजन,वस्त्र और शय्या सुख की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)** - सुख आनन्द का अनुभव करेंगे। रोग मुक्त होंगे। स्वजनों से मनमुटाव होंगे। वाणी पर संयम रखें। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगा। सप्ताहांत में थोड़ी मानसिक चिंता बढ़ सकती है।

**धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)** - स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यवसाय में हानि हो सकती है। भाग्य साथ नही देंगे। सप्ताहांत तक अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। राज्याधिकारियों से वाद विवाद हो सकते हैं। स्त्री सुख मिलेगा।

**मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)** - स्वास्थ्य अच्छा होगा। सभी कार्यों में सफलता मिल सकती है। उच्चाधिकारी प्रसन्न होंगे। मित्रों से सहायता मिलेगी। पदोन्नति होगी। व्यय अधिक हो सकते हैं। मां दुर्गा की चालीसा का पाठ, करें लाभ होगा।

**कुम्भ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)** - स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पेट सम्बन्धी समस्या हो सकती है। शत्रु परेशान करेंगे। व्यवसाय में हानि हो सकती है। सप्ताह के मध्य में धन एवं सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन (दी दू थ झ दे दो चा ची)** - स्वास्थ्य लाभ होगा। यश और आनन्द की प्राप्ति होगी। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यय में अधिकता होगी। वाणिज्य व्यवसाय में लाभ हो सकता है। छोटी, पर लाभदायक यात्रा हो सकती है।

# भ्रष्टाचारमुक्ति से विकसित भारत बनाने को जुटे कई हाथ

## औद्योगिक संगठनों ने कई स्पर्धाओं के साथ मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



संवाददाता

**बोकारो :** 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत' की थीम पर आधारित एक हफ्ते तक बोकारो में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। औद्योगिक संगठनों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए भ्रष्टाचारमुक्ति से विकसित भारत के निर्माण को लेकर संकल्प लिया गया। बोकारो स्टील (बीएसएल) की ओर से अलग-अलग जगहों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस्पात भवन स्थित कमेटी रूम में प्रिवेंटिव विजिलेंस एवं रोल एंड फंक्शनिंग ऑफ सीबीआई विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान हेड ऑफ ब्रांच सीबीआई, एसीबी, धनबाद पीके झा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ अरुण कुमार सहित बीएसएल के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपने व्याख्यान में श्री झा ने प्रिवेंटिव विजिलेंस एवं रोल एंड फंक्शनिंग ऑफ सीबीआई के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला और सतर्कता विभाग से समन्वय के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (सतर्कता) चित्रा पराशर तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (सतर्कता) एमके दुबे ने किया। इधर, बोकारो जनरल अस्पताल में प्रिवेंटिव विजिलेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ अरुण कुमार, चीफ मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. बीबी करुणामय, महाप्रबंधक (सतर्कता) एमके दुबे सहित बोकारो जनरल अस्पताल के अन्य वरीय चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यशाला के आरम्भ में सभी चिकित्सकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। वहीं, बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पूर्व भी विभिन्न विभागों में बीएलएल की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## डीवीसी बीटीपीएस में क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**बोकारो थर्मल :** सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत डीवीसी बोकारो थर्मल पावर प्लांट में डीवीसी के अधिकारियों एवं कामगारों के लिए निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एचआर सतर्कता के उप प्रबंधक तारिक सईद ने किया। प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एसई शशि शेखर, राकेश कुमार, आशीष कुमार, एए अशरफ, दीपक कुमार, मो फरीद, राजदेव, संजय राय, जी. मोईद आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## सीटीपीएस में अधिकारियों व कर्मियों ने मनाया सतर्कता जागरुकता सप्ताह



**चन्द्रपुरा :** दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रभात फेरी निकालकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। जन साधारण के बीच भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डीवीसी कालोनी चंद्रपुरा में प्रभातफेरी निकाली गई। विगत 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आयोजित होने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह में प्रभातफेरी के दौरान डीवीसी के मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रधान अजय कुमार दत्ता, मुख्य अभियंता परिचालन सुनील कुमार पांडेय, देवव्रत दास, उप महाप्रबंधक प्रशासन टीटी दास, उपमुख्य अभियंता एसके शर्मा, केके सिंह के अलावा संजय कुमार, दिलीप कुमार कुमार, राजकुमार चौधरी, अनिल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, अक्षय कुमार आदि शामिल थे। डीवीसी प्लांट के मुख्य द्वार से डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रभातफेरी निकाली।

## चिन्मय विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन




**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय में भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत, की थीम पर मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। इस कड़ी में बीपीएससीएल ने चिन्मय विद्यालय में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 54 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शीर्षक 'क्या कठोरतम कानून भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बना सकते हैं' था। इस विषय पर बच्चों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी राय रखी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निर्णायक एवं मुख्य निर्णायक के रूप में सतर्कता अधिकारी बीपीएससीएल कुलदीप शर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने किया। इसके बाद बच्चों को सतर्कता शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने देश की सुरक्षा के लिए बच्चों की सतर्कता जरूरी बताई।

# 'इमेजनरी वर्ल्ड ऑफ जीनियस किड्स' का दुबई में किया गया लोकार्पण




**दुबई :** 'इमेजनरी वर्ल्ड ऑफ जीनियस किड्स' पुस्तक का लोकार्पण एक भव्य समारोह में किया गया। यूएई के दुबई शहर में साहित्य अर्पण एवं जेम्स आवर ओन इंडियन स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विमोचन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नेहा शर्मा और हेमा वालिया के संयोजन में हुआ। संचालन दिव्या राजीव एवं विनय गौतम ने किया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ललिता सुरेश (प्रिंसिपल-जेम्स आवर ओन इंडियन स्कूल, दुबई), विशिष्ट अतिथि अतुल अग्रवाल (सीएफओ- दुबई इन्वेस्टमेंट प्रॉपर्टीज) और योगिता भगानिया (वाईस प्रिंसिपल, मयूर प्राइवेट स्कूल, अबू धाबी) द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि अभिषेक चौहान (ग्रास आर्टिस्ट), राकेश श्रीवास्तव (बॉलीवुड ऐक्टर) ने ऑनलाइन जुड़कर इसकी शोभा बढ़ाई। आरम्भ में कल्चरल डांस ग्रुप की ओर से निधि मनीष गुप्ता, विनया एस. देवाडिगा, ललिता पी. ठाकरे एवं प्रीति पी. रावी के नृत्य समूह के द्वारा प्रथम पूज्य देवादिदेव भगवान गणेश वंदना पर शानदार प्रस्तुति दी गई। उसके उपरांत अक्षत गौतम, वान्या गुप्ता, श्रीशा एस. देवाडिया, पर्णिका पी. रावी, तन्मय पी. ठाकरे आदि ने सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत की। पुस्तक का लोकार्पण अतुल अग्रवाल, ललिता सुरेश एवं योगिता भगानिया ने किया।इस पुस्तक में बच्चों के काल्पनिक दुनिया को चित्रों, और उनकी काव्य शब्दों की माला स्वरूप में संकलित किया गया है। इसका संपादन साहित्य अर्पण की संस्थापिका नेहा शर्मा और विक्रांत ने किया। पुस्तक में कई बच्चों ने अपनी कृतियों के द्वारा योगदान दिया है एवं इस कार्यक्रम में भी बच्चों ने मंच संभाले रखा। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से अनेरी पोद्दार, वैभवी, देवांशी ठक्कर, रीम नासिर नाइक, मीरा सुंदरम, भव्या अजीत झा, शरवरी शरण पाटिल, मुस्तफा मोइज मर्चेंट, पलक चेनानी, खुशलीन कौर,चारवी शर्मा, अबैथा स्पेंसर, अथिका अब्दुल जब्बार, प्रियल त्यागी, निया मरियम लुकोस, समानता सुनील कुमार, मुहसिना दीवान, संचय गुप्ता, धनशिता पद्मशाली, इवान डेनिस, अपर्णा शर्मा, अक्षत गौतम, वान्या गुप्ता, श्रीशा एस देवाडिगा, पर्णिका पी. रावी एवं तन्मय पी. ठाकरे ने योगदान दिया और उनके प्रयास अति सराहनीय थे।

## चल जंगल चल

चल जंगल चल, चल जंगल चल
जंगल में साहित्य समाया
सामगान ऋषियों ने गाया
अब भी कविता है जंगल में
चप्पे-चप्पे में, पल-पल में
सेवी हो साहित्य का कोई
जंगल स्वागत करने को तैयार... जंगल
चल जंगल चल, चल जंगल चल

चल जंगल चल, चल जंगल चल
वन में कविता, कविता में वन
दोनों का अद्भुत है संगम
'विश्व दिवस' है मार्च इक्कीस
दोनों का, करना तफ्तीश
कविता में वन की बातों को
गूँथ, गीत गाते कर गहन प्रचार... जंगल
चल जंगल चल, चल जंगल चल (क्रमशः)

कुमार मनीष अरविन्द




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी विजय कुमार झा द्वारा दामिनी प्रिन्टर्स, जेब्री.- 12, सिटी सेन्टर, सेक्टर-4, बोकारो से मुद्रित एवं सेक्टर-3बी/94, बोकारो स्टील सिटी (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक : विजय कुमार झा***
प्रबंध संपादक : **कंचन झा**, दिल्ली ब्यूरो : **श्रवण कुमार झा,** फोन/फैक्स : (06542) 246899, E-mail : mithilavarnan@gmail.com, आरएनआई.पंजीयन संख्या : 48973/89 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार)

# भारत-ऑस्ट्रेलिया सैन्य संबंधों में नया आयाम

## रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के साथ बंगाल की खाड़ी में समुद्री साझेदारी अभ्यास में बनी रणनीति






**ब्यूरो संवाददाता**

**नई दिल्ली :** भारत और आस्ट्रेलिया सैन्य संबंधों में एक नया आयाम जुड़ चुका है। रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) के जहाजों एचएमएएस एडिलेड और एचएमएएस अंजैक एवं भारतीय नौसेना के जहाजों जलाश्व और कवरत्ती की भागीदारी में एक समुद्री साझेदारी अभ्यास बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया। इस अभ्यास में सामरिक युद्धाभ्यास, हेलीकॉप्टर लैंडिंग और जल, थल व नभ के सैन्य अभियान शामिल थे, जो भारतीय नौसेना और आरएएन के बीच उच्च स्तर की अंतःक्रियाशीलता को दर्शाता है।


रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) के जहाज एचएमएएस एडिलेड और एचएमएएस अंजैक ने दिनांक 30 अक्टूबर से 01 नवंबर 2022 तक विशाखापत्तनम का दौरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के इंडो-पैसिफिक एंडेवर 2022 (आईपीई 22) का हिस्सा था। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों की मेजबानी पूर्वी नौसेना कमान ने की थी।

भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के जहाजों के साथ-साथ भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के कर्मियों ने भी विभिन्न संयुक्त गतिविधियों में भाग लिया।

पीआईबी सूत्रों के मुताबिक युद्धाभ्यास के हार्बर चरण में अनुभव साझा करने, योजनाबद्ध संयुक्त गतिविधियों और मैत्रीपूर्ण खेल संबंधी आदान-प्रदान सहित पेशेवराना बातचीत की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। अभ्यास का सफल समापन भारत-ऑस्ट्रेलिया सैन्य संबंधों की वृद्धि में एक और मील का पत्थर है।




CASHLESS FACILITY CASHLESS FACILITY CASHLESS FACILITY
शिवम् हॉस्पीटल में
सेल के रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए
मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
एवं लेंस लगाया जाता है।



E-2, LAXMI MARKET, SECTOR-4, B.S.CITY-827004
PH: 06542-232623/233475, MOB: 7488090631



पुराने व जटिल रोगों से हैं परेशान?
होमियोपैथ से निजात पाने के लिये संपर्क करें-
प्रो. डॉ. काशीश्वर किशोर DHMS (Distinction), B.H.M.S ( BU).
प्रो. भूपेन्द्र नारायण मंडल होमियोपेथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सहरसा
पूर्व सदस्य- होमियोपैथिक मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली।
बैठने का स्थान : शॉपिंग सेन्टर, शॉप नं. 58, पहला तल्ला, को-ऑपरेटिव कॉलोनी, बीएस सिटी
(प्रातः 9.30- दोपहर 12.15 एवं संध्या 5.30-6.30)
जर्मन होमियो प्वाइंट, एफ/9, सिटी सेन्टर, सेक्टर-4, बीएस सिटी
(सोमवार से शनिवार: संध्या 7.00-8.30), रविवार (संध्या 5.00-8.30)
Mob.- 9431162319 (Consultation after appointment only).